Title: Observation by the Chair

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, क्या मैंने स्थगन प्रस्ताव पर कोई व्यवस्था दी है? प्रश्न काल महत्वपूर्ण समय होता है । क्या आप सदन नहीं चलाना चाहते हैं, क्या आप प्रश्न काल नहीं चलाना चाहते हैं?

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, सभी माननीय सांसद चाहते हैं कि सदन चले । क्या नारेबाजी से समस्याओं का समाधान होगा? समाधान चर्चा-संवाद से होगा, बातचीत से होगा । यह तरीका उचित नहीं है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: सरकार की तरफ से मैं माननीय राज नाथ सिंह जी से आग्रह करता हूं कि इस बारे में आप बताएं ।

? (व्यवधान)

***m02 रक्षा मंत्री (श्री राज नाथ सिंह):** अध्यक्ष महोदय, मणिपुर की घटना निश्चित रूप से बहुत ही गंभीर है और इसकी गंभीरता को समझते हुए हमारे प्रधानमंत्री जी ने स्वयं ही कहा है । ? (व्यवधान) मणिपुर में जो कुछ भी हुआ है, उससे पूरा का पूरा राष्ट्र शर्मसार हुआ है ।? (व्यवधान) यहां तक कि मणिपुर की घटनाओं को लेकर कठोर से कठोर कार्रवाई किये जाने की मांग हमारे प्रधानमंत्री जी ने कही है ।? (व्यवधान) हम चाहते हैं कि मणिपुर की घटना पर संसद में चर्चा हो । मैंने ऑल पार्टी मीटिंग में भी इस बात को कहा है और आज मैं फिर से सदन में दोहराना चाहता हूं ।? (व्यवधान) हम चाहते हैं कि मणिपुर की घटना पर सदन में चर्चा होनी चाहिए । लेकिन, मैं देख रहा हूं कि कुछ ऐसे राजनैतिक दल हैं, जो कि अनावश्यक यहां पर ऐसी स्थिति पैदा करना चाहते हैं, ताकि किसी भी सूरत में मणिपुर की घटना पर चर्चा न हो पाए ।? (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैं स्पष्ट रूप से यह आरोप लगाना चाहता हूं कि सचमुच प्रतिपक्ष को मणिपुर की घटना को लेकर जितना गंभीर होना चाहिए, उतना वे गंभीर नहीं हैं ।? (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मणिपुर की घटना को गंभीरतापूर्वक लेते हुए चर्चा होनी चाहिए, फिर से मैं अपनी इस बात को दोहराना चाहता हूं ।? (व्यवधान) मणिपुर की घटना को प्रतिपक्ष भी गंभीरतापूर्वक लें ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप चर्चा नहीं करना चाहते हैं । आप नारेबाजी करना चाहते हैं । सदन नहीं चलाना चाहते हैं । देश की जनता चाहती है कि सदन चले । मुद्दों पर चर्चा होगी, उससे समाधान होगा । नारेबाजी से समाधान नहीं होगा । सरकार तैयार है । क्या आप चर्चा के लिए तैयार हैं?

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: सभा की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

11.03 hrs

The Lok Sabha then adjourned till twelve of the Clock.

12.00 hrs

The Lok Sabha re-assembled at Twelve of the Clock.

(Shri Rajendra Agrawal in the Chair)